शाहजहाँपुर पुलिस

प्रेस नोट-सराहनीय कार्य दिनांक : 24.10.2024

थाना पुवायाँ पुलिस व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शाहजहाँपुर द्वारा नकली खोया(मावा) की फैक्ट्री पर छापेमारी कर करीब 250 किलोग्राम नकली खोया(मावा) बरामद कर नष्ट कराया गयाः-

श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहापुर के निर्देशनुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व श्रीमान क्षेत्राधिकारी पुंवायाँ के कुशल पर्यवेक्षण मे चलाये जा रहे अभियुक्तो के सत्यापन व अवैध हथियार के दुरूपयोग व बिक्री को रोकने हेतु सघन अभियान के क्रम मे थाना पुवायाँ पुलिस व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शाहजहाँपुर द्वारा नकली खोया(मावा) की फैक्ट्री पर छापेमारी कर करीब 250 किलो नकली खोया(मावा) बरामद कर नष्ट कराया गयाः-

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 23.10.2024 को सांयकाल गस्त के दौरान जरिये मुखविर सूचना मिली कि जंगवीर कुमार पुत्र रामनिवास निवासी ग्राम बिरसिंगपुर थाना राजेपुर जिला फरुखाबाद अपने कुछ साथियो के साथ मिलकर मो0 कसभरा मठिया कस्वा व थाना पुवायाँ जिला शाहजहाँपुर पर अवनीश शुक्ला के किराये के मकान मे नकली खोया (मावा) बना रहा है इस सूचना पर तत्काल ही पुलिस बल सहित अवनीश शुक्ला के मकान पर पहुँचे तो करीब 250 किलोग्राम नकली खोया(मावा) व नकली खोया (मावा) बनाने के उपकरणो सहित कारिगर अजीत सक्सेना पुत्र ब्रजेश सक्सेना निवासी ग्राम सुजातपुर थाना सेरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहाँपुर, आयुष पुत्र पवन कुमार निवासी मो0 काशीराम नगर कस्वा व थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर, श्रीमती हेमा पत्नी जंगवीर कुमार निवासी ग्राम बिरसिंगपुर थाना राजेपुर जिला फरुखाबाद हाल अवनीश शुक्ला का किराये का मकान मो0 कसभरा मठिया कस्वा व थाना पुवायाँ जिला शाहजहाँपुर को मौके पर नकली खोया(मावा) बनाते हुए पाया गया। इसकी सूचना खाद्य सुरक्षा अधिकारियो को दी गयी सूचना पर बागीश मनी त्रिपाठी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शाहजहाँपुर, श्री अनिल प्रताप सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी, श्री मनोज कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौके पर उपस्थित आये तथा नकली खोया के दो सैम्पल, स्किम्ड मिल्क पाउडर एक सैम्पल, वनस्पति एक सैम्पल लिया गया तथा मौके पर मिला युज्ड व अनयूज्ड माल सील सर्वमोहर कर जंगवीर कुमार उपरोक्त के मकान पर जंगवीर कुमार की पत्नी हेमा के सुपुर्द कर सुरक्षित रखवाया गया तथा बरामद करीब 250 किलोग्राम नकली खोया (मावा) को नष्ट कराया गया। मौके से लिए गये सैम्पल को परीक्षण हेतु खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला भेजा जा रहा हैं। परीणाम प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल मे लायी जायेगी।

नाम नकली खोया(मावा) तैयार करने वाले -

1. अजीत सक्सेना पुत्र ब्रजेश सक्सेना निवासी ग्राम सुजातपुर थाना सेरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहाँपुर,
2. आयुष पुत्र पवन कुमार निवासी मो0 काशीराम नगर कस्वा व थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर,

3. श्रीमती हेमा पत्नी जंगवीर कुमार निवासी ग्राम बिरसिंगपुर थाना राजेपुर जिला फरुखाबाद हाल अवनीश शुक्ला का किराये का मकान मो0 कसभरा मठिया कस्वा व थाना पुवायाँ जिला शाहजहाँपुर

बरामदगी का विवरण:-

1. 250 किलोग्राम नकली खोया(मावा)

गिरफ्तारी टीम का विवरण:-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री हरपाल सिंह बालियान थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर
2. व0उ0नि0 श्री सकतावत सिंह थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर
3. श्री बागीश मनी त्रिपाठी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शाहजहाँपुर
4. श्री अनिल प्रताप सिंह खाध्य सुरक्षा अधिकारी, शाहजहाँपुर
5. श्री मनोज कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी, शाहजहाँपुर